# कास्मो एक्सपो- 2023 ट्रेड एंड बिल्ड फेयर

## चर्चा में क्यों?

14 जनवरी 2023 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्त्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं एवं विगत चार वर्षों की उपलब्धि पर आधारित छाया चित्र प्रदर्शनी राजधानी रायपुर में चल रहे 'कास्मो एक्सपो-2023 ट्रेड एंड बिल्ड फेयर'में लगाया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- विधानसभा रोड स्थित श्रीराम बिजनेस पार्क में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कास्मोपालिटिन के द्वारा 13 जनवरी, 2023 को 'कास्मो एक्सपो-2023 ट्रेड एंड बिल्ड फेयर'का शुभारंभ हुआ था। 16 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन में लगभग 350 स्टॉल लगाए गए हैं।
- गौरतलब है कि कास्मो एक्सपो ट्रेड एंड बिल्ड फेयर अब मध्यभारत का सबसे बड़े ट्रेड फेयर के रूप में पहचान बना चुका है। इस एक्सपो में शासकीय व निजी सेक्टर के करीब 350 स्टॉल शामिल हैं।
- कास्मो एक्सपो में लगाए गए स्टॉलों में उद्योग-व्यापार से जुड़े लगभग सभी सेक्टर शामिल हैं, जिसमें मुख्यत: रियल एस्टेट, बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन, ऑटोमोबाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, टेक्नोलॉजी इनोवेशन, मैन्यूफैक्चरिंग सर्विस, बैंक एंड फाइनेंस, ट्रेवल्स एंड टूरिज्म, एजुकेशन, हेल्थ केयर, लाइफ स्टाइल और जनरल स्टॉल शामिल हैं। इनमें शासकीय विभागों व निजी समूह के स्टॉल हैं।
- जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजन स्थल पर राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है। सुराजी गाँव योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव युवा मितान क्लब, वनोपज की खरीदी और गोधन न्याय योजना जैसे महत्त्वपूर्ण योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया है।
- इन योजनाओं की जानकारी एलईडी स्क्रीन के ज़रिये भी दी जा रही है और यहाँ आने वाले लोगों को योजनाओं से संबंधित पॉम्पलेट और ब्रोशर भी वितरित किये जा रहे है। स्टॉल में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत-संगीत पर आधारित कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जा रहे हैं।
- फूड कोर्ट का स्टॉल इस बार रायपुर फूडी लवर्स के द्वारा संचालित किया गया है, जिनके लिये एक अलग वृहद डोम हैं जहाँ पर 45 स्टॉल लगाए गए है। यहाँ पर लोगों को देश के विभिन्न राज्यों के व्यजंनों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजन का भी लुफ्त उठाने का अवसर मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cosmo-expo-2023-trade-build-fair